प्रादेशिक समाचार एकांश,
आकाशवाणी, भोपाल
<u>सांध्यकालीन समाचार</u>
दिनांक : 21.12.2025    समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगां
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सोयाबीन भावांतर योजना के तहत किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 810 करोड़ रूपये अंतरित किएं
- सामूहिक विवाह सामाजिक विभेद और फिजूल खर्ची जैसी बुराइयों की जगह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम–कहा मुख्यमंत्री नें
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारीं प्रदेश के कई शहरों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचां

<u>मन की बात–प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी हैं आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिएं प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार हैं श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जिक्र करते हुए कहा .....

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहां भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतीं महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीतां

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति हैं उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया हैं प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगां अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगां

गृहमंत्री अमित शाह–गुजरात

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत अधिक योगदान किया हैं आज अहमदाबाद में संघ के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से देश में बडा बदलाव आया हैं उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में, डॉक्टरों ने रोगियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दीं श्री शाह ने स्वच्छता अभियान की सफलता पर कहा कि .....

मुख्यमंत्री– सामूहिक विवाह समारोह, इंदौर

मुख्यमंत्री इंदौर के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुएं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक विभेद और फिजूल खर्ची जैसी बुराइयों की जगह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम हैं समाज में सभी को ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने में अपना योगदान देना चाहिएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने डॉक्टर बेटे का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में ही कियां बिना ऊंच–नीच और जात–पात के भेद के होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों का आनंद अद्‌भुत हैं उन्होंने कहा कि हम विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में फिजूल खर्ची को रोककर अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने–लिखाने और परिवार की बेहतरी में करें

भावांतर योजना– मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम जिले के जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय सोयाबीन भावांतर योजना कार्यक्रम में शामिल हुएं मुख्यमंत्री ने यहां सिंगल क्लिक के माध्यम से 3.77 लाख किसानों के खातों में 810 करोड़ रूपये अंतरित किएं इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई महत्वपूर्ण घोषणाए की ...

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं उप निर्वाचन के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगां सचिन राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगां मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगीं पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगां पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगीं सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य

एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगीं जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगीं

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित हैं प्रदेश के कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ हैं मंदसौर में सबसे कम 2 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहां सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठंड के तेवर और तीखे हो गए हैं उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं ने पूरे सीहोर जिले को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया हैं यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयां डिंडोरी जिले में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की ठंड का आलम है, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गयां मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ने और न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना जताई हैं

## महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट में भारत और श्रीलंका के बीच चौथा टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज केरल में तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा हैं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत 5 मैचों की श्रृंखला पहले ही 3–0 से जीत चुका हैं श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा

.

## समाचार संक्षेप में :–

- झाबुआ में स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में बोर्ड परीक्षा की तैयारी, छात्रवृत्ति वितरण, विद्यार्थियों का नामांकन, अपार आईडी तथा प्रोफाइल पंजीयन जैसे विषयों की समीक्षा की गई
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज जबलपुर में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी समारोह में शामिल हुएं मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर की जानी–मानी संस्थाओं में से एक है और इसके 100 वर्ष पूरे होना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय हैं
- शिवपुरी के माधव टाइगर रिजर्व में एक और मादा टाईगर को लाया गया हैं वन प्रबंधन द्वारा इस नई मादा को माधव टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया हैं इसके साथ ही माधव टाइगर रिजर्व में बाघों की कुल संख्या बढ़कर अब 8 हो गई हैं
- भावांतर भुगतान योजनान्तर्गत अशोकनगर जिले के 3 हजार 428 किसानों के खातों में राशि अंतरित की गई

- आगर्मालवा के प्रधान जिला न्यायाधीश डी.एस. चौहान ने कल जिला जेल का निरीक्षण कियां इस दौरान उन्होंने बंदियों से चर्चा कर बीमार बंदियों का समुचित ईलाज करवाये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देश दियें

———————————